


# रफलर फुट

**इस लेसन में आप सीखेंगे कि उषा जेनोम रफलर फुट का उपयोग करके बिलकुल आसानी से विभिन्न प्रकार की रफल्स या प्लेट्स कैसे बनायें।**



यह फुट आपके आउटफिट्स में उन खूबसूरत लहजे को जोड़ने का या आपके घर सजावट की एक्सेसरीज़ में फेमिनिन टच देने का सबसे आसान तरीका है।



इस लेसन के लिए आपको चाहिए होगा - उषा जेनोम रफ़लर फुट, कपड़े का लगभग 5 इंच बाय 15 इंच की रंगीन 4 स्ट्रिप्स, और एक जोड़ी कैंची।

यह रफ़लर फुट है - यह भारी और जटिल दिखाई दे सकता है, लेकिन इसका उपयोग करना काफी आसान है इसलिए घबराएं नहीं।



यह रेशेट गियर फीड प्लेट है - यह नंबरों वाले स्लॉट्स - इससे आप रफल्स को कितनी नजदीक या दूर रखनी है यह नियंत्रित कर सकते है। 1 लिखा हुआ पहला स्लॉट दर्शाता है कि हर स्टीच के बाद एक रफल होगी और 6 मार्क किया हुआ स्लॉट दर्शाता है कि हर 6 स्टीच के बाद एक रफल होगी, और उसके बाद का 12 मार्क किया हुआ स्लॉट का मतलब है हर 12 स्टीच के बाद एक रफ़ल। स्टार निशान वाला सबसे बाईं ओर का स्लॉट स्ट्रीट स्टीच यानि कि सीधे टांके के लिए है जो कुछ अंतर के बाद ही स्टीच रखने के लिए है।



यह काला स्क्रू रफलिंग डेप्थ स्क्रू है और इससे आप प्लेट्स की गहराई को समायोजित कर सकते है। 1 काफी छोटे प्लेट्स के लिए है, 4, 6, और 8 बढ़ते गहरे प्लेट्स के लिए हैं।

जैसे कि वीडियो में दिखाया है - नीडल स्क्रू पर जा रहे काले प्लास्टिक हाथे से नार्मल प्रेसर पैर और रफलर फुट के ऊपर के स्नेप को हटा दें। हम यहां पहले स्लॉट का उपयोग करके हर स्टीच के लिए रफ़ल्स के साथ शुरू करेंगे.




अपनी मशीन को सेट करें - थ्रेड टेंशन डायल को 4 पर घुमाएं, आपके पैटर्न सिलेक्टर डायल पर A चुनें और स्टीच लेंथ को ढाई पर सेट करें।






कपड़े की पहली पट्टी को रुफ़लर फ़ुट के स्लिट में इस तरह से फीड करे और सिलाई करना शुरू करें।



उसके बाद रेशेट गियर फीड प्लेट को खिसकाके 6 स्टीच के स्लॉट को ट्राई करते है। आपके पास जो कपडा है उसकी अगली पट्टी को रफलर फुट के स्लिट में फ़ीड करें और हर 6 स्टीच के बाद रफ़ल प्राप्त करने के लिए सीए। अब 12 नंबर वाले स्लॉट पर जाएं, कपड़े के तीसरे टुकड़े को फीड करे और सिलाई करना शुरू करें।




अब उन्हें एक दूसरे के नीचे क्षैतिज रूप से बिछाएँ और आप देखेंगे कि स्लॉट 1 पर सिली हुई पट्टी में रफ़ल्स एक दूसरे के करीब हैं, 6-स्टीच के स्लॉट पर सिली हुई पट्टी में रफल 6 स्टीच दूर लगे है, और स्लॉट नंबर 12 पर सिली हुई स्ट्रिप पर 12 स्टीच दूर लगे प्लेट्स बने हुए है।











अब कपड़े की पट्टियों पर गहराई स्क्रू के असर को देखने के लिए। इसके लिए हमें प्रैक्टिस के लिए कपड़े की एक पट्टी चाहिए होगी। अपनी मशीन सेट करें: हर स्टीच के बाद रफ़ल के लिए रेशेट गियर को स्लॉट 1 पर शिफ्ट करे। रफलिंग डेप्थ स्क्रू को 8 पर सेट करें। इस सेटिंग पर जब तक आपको लगभग 5 इंच के स्टीच न मिले तब तक फेब्रिक को फीड करे और सिलाई करे। फिर रफलिंग डेप्थ स्क्रू को घुमा के गहराई को 6 पर बदलें।

प्रेशर फुट को हटा ले और अभी आपने बनाए हुए रफल्स के बाद फैब्रिक को लगभग 3-4 इंच स्लाइड करे। फिर इस गहराई के साथ एक और 5 इंच की रफल्स को सी ले। अब गहराई को 4 तक कम करें और आप और 5 इंच के रफल सीए इससे पहले कुछ कपड़े को छोड़ने की इसी प्रक्रिया का पालन करें। अंतिम चरण के लिए - गहराई को 1 तक कम करें और सिलाई करे।  अब मशीन से पट्टी हटा दें और इसे बाहर रखें - रफ़ल डेप्थ स्क्रू का प्रभाव देखें। नंबर 1 पर बनी रफल्स बहुत हल्के से खींचे जाते हैं जबकि नंबर 8 पर बनी रफल्स बहुत सारा फैब्रिक लेती है। जैसे-जैसे आप प्रैक्टिस करेंगे, वैसे आप यह भी सीखेंगे कि विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए आपको कितने कपड़े की आवश्यकता होगी।

अब जब आपने विभिन्न गहराइयों का प्रभाव देखा है, तो आइए एक और दिलचस्प पहलू पर चलते हैं, जिसका उपयोग हम कई चीजों के लिए कर सकते हैं... रफल्स बनाने और उसी समय में कपड़े को जोड़ने के लिए - यह वास्तव में मजेदार है और आपको स्टिचिंग और एलाइनिंग की दो राउंड की परेशानी और झंझट से बचाता है।

इसके लिए आपको कपडे के 6 इंच बाय 8 इंच के एक कपड़े के टुकड़े की और बेज़ फैब्रिक से जरा सी लम्बी एक पट्टी की आवश्यकता होगी यहां देखें कि रफल्स बनाते समय हम कपड़े के इस टुकड़े को दूसरे टुकड़े के साथ कैसे जोड़ेंगे। रफ़ल रेशेट गियर को 6 पर सेट करें और गहराई बढ़ाके 8 करे। आप स्टीच और गहराई को इच्छानुसार चुन सकते हैं। कपड़े के 6 x 8 के टुकड़े को प्रेसर फुट के नीचे रखें। जिस फैब्रिक की पट्टी को जोड़ना है और रफल करना है उसे रफल फुट के स्लिट में दाखिल करे।



जब दोनों टुकड़े सेट हो जाए तब सिलना शुरू हो करे... देखें कि एक ही समय में दोनों टुकड़े एक साथ सुरक्षित रहते हुए रफल्स कैसे बनती है। अतिरिक्त धागे को ट्रिम करें और अतिरिक्त कपड़े को काट लें। यह कुछ ऐसा दिखना चाहिए - हर 6 स्टीच के बाद कपड़े का टुकड़ा रफल्स के साथ जुड़ा हुआ है।



रफ़ल्स का उपयोग रचनात्मक रूप से कहीं भी और हर जगह किया जा सकता है। अपने ड्रेस और एक्सेसरीज को सुशोभित करने के लिए रफल्स और प्लेट्स का उपयोग करें... जहाँ भी इन्हे जोड़ा जाता है वहाँ पर वे वैभव, भव्यता और स्टाइल जोड़ देते हैं। इस हेयरबैंड जैसी सुंदर डिजाइन बनाने के लिए गहरी और टक लंबाई का प्रयोग करे, यह वह जगह है जहां हम रफ़ल्स को सीते हैं।

प्रैक्टिस और प्रयोग करे - और देखें कि कितनी अद्भुतता से यह आपकी इच्छा के अनुसार किसी भी डिजाइन को बदल सकता है।